भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 931

सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

बरेली में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को प्रोत्साहन

931. श्री छत्रपाल सिंह गंगवार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा बरेली में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ख) सरकार द्वारा बरेली को नैनीताल के निकटवर्ती नए पर्यटन स्थलों से जोड़ने के लिए बनाई गई नई योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपने सतत प्रयास के एक भाग के रूप में बरेली में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धनात्मक गतिविधियों, कार्यक्रमों, वेबसाइटों, सोशल मीडिया संवर्धन आदि के माध्यम से संवर्धन करता है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' की अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को सम्पूरित करता है। यह प्रक्रिया राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है। पर्यटन मंत्रालय की उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत बरेली में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है। तथापि, पर्यटन

मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश में विभिन्न परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख): पर्यटन मंत्रालय ने विशेष रूप से बरेली को नैनीताल में निकटवर्ती पर्यटक गंतव्य से जोड़ने के लिए कोई नई योजना तैयार नहीं की है। पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता की मांग के लिए समय-समय पर राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों की योजना दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और निर्धारित प्रावधानों के अनुपालन और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

अनुबंध

श्री छत्रपाल सिंह गंगवार द्वारा बरेली में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को प्रोत्साहन के संबंध में दिनांक 10.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 931 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	वाराणसी का विकास - चरण -I	18.73
2.	मथुरा-वृंदावन का मेगा टूरिस्ट परिपथ के रूप में विकास (चरण-II)	10.98
3.	वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास	9.02
4.	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण	9.36
5.	वाराणसी का विकास -चरण-II	44.60
6.	गोवर्धन में अवसंरचना संबंधी सुविधाओं का विकास	37.59

उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

क्र. सं.	परिपथ का नाम	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	बौद्ध परिपथ 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89
2.	रामायण परिपथ 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45
3.	धार्मिक परिपथ 2016-17	अहर- अलीगढ़- कासगंज- सरोसी (उन्नाव)- प्रतापगढ़- कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी- आजमगढ़- कैराना- बागपत- शाहजहांपुर का विकास	71.91
4.	धार्मिक परिपथ 2016-17	बिजनौर-मेरठ-कानपुर- कानपुर देहात- बांदा- गाजीपुर- सलेमपुर-घोसी-बलिया-अंबेडकरनगर-अलीगढ़-फतेहपुर- देवरिया-महोबा-सोनभद्र- चंदौली- मिश्रिख-भदोही का विकास।	67.51

5.	विरासत परिपथ 2016-17	कालिंजर किले (बांदा) - मगहर धाम (संत कबीर नगर) - चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुआ शहीद स्थल (घोसी)-शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	36.65
6.	रामायण परिपथ 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21
7.	धार्मिक परिपथ 2018-19	जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास	12.03
8.	धार्मिक परिपथ 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30

उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	गंतव्य	एक्सपीरियंस का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	13.02
2.	नैमिषारण्य	वैदिक- वैलनेस एक्सपीरियंस	15.94

उत्तर प्रदेश में चुनौती आधारित गंतव्य विकास योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

राज्य	गंतव्य	श्रेणी	वित्तपोषण राशि (करोड़ रु. में)
उत्तर प्रदेश	महोबा	संस्कृति और विरासत	25.00

उत्तर प्रदेश में पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	बटेश्वर का विकास, जिला- आगरा	74.05
2.	एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास, श्रावस्ती	80.24

*****